an>

Title: Regarding acquisition of land for Delhi-Mumbai Industrial Corridor.

डॉ . करण सिंह यादव)अलवर:(राजस्थान के अलवर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8-पर स्थित शाहजहांपुर के आस- पास के 10गांवों की भूमि डी.एम.आई.सी.)देहली-मुम्बई इंडस्ट्रीयल कोरिडोर (हेतु अधिग्रहित की गई थी।

शाहजहांपुर ,गूगलकोटा ,चौबारा ,जोणायचा खुर्द ,बावद ,पलावा ,बीरोद, लामचपुर ,मिर्जापुर एवम् मानका नामक गांवों की भूमि अधिग्रहण हेतु लगभग 400करोड़ की राशि आवंटित की गई है।

हाल ही में इस योजना में एक करोड़ रूपये प्रति बीघा की दर वाले शाहजहांपुर, गूगल कोटा ,चौबरा ,जौनायचा खुर्द व बावद को इसलिए अधिग्रहण स े मुक्त किया ताकि सरकारा को किसानों को अधिक मुआवजा न देना पड़े।

इन्हीं गांवों से सटे हुए ग्राम पलावा ,बीरोद ,मिर्जापुर ,लामचपुर ,एवम् मानका गांवों की जमीन बहुत कम दर 10)लाख रूपये प्रति बीघा (पर अधिग्रहित की जा रही है।

यह किसानों की नेशनल केपीटल रीजन में अत्यंत उपजाऊ भूमि है ,हरियाणा से बिल्कूल सटे हुए इन ग्रामों के लोग आंदोलनरत है। सरकार इनकी जमीन को कौड़ियों के भाव पर अधिग्रहित करके इनके साथ अन्याय कर रही है।

मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस अति उपजाऊ जमीन को अधिग्रहण से मुक्त रखे अथवा इन्हें भी अधिग्रहण से मुक्त किये गांवों की दर पर भुगतान किया जावे।